# अतीत में दबे पाँव

मुअनजो-दड़ो कहाँ स्थित है कितनी पुरानी सभ्यता है?

मुअनजो-दड़ो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में है। लगभग 5000 साल पुरानी ताम्रकालीन सभ्यता है।

हड़प्पा कहाँ स्थित है?
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में।

अब तक कितनी खुदाई हुई है? खुदाई क्यों रोकनी पड़ी।
सिंधुघाटी सभ्यता में अबतक एक तिहाई खुदाई की जा सकी है। खुदाई इसलिए रोकनी पड़ी क्योंकि खुदाई के कारण सिंधु नदी के पानी के रिसाव से दलदल की समस्या उत्पन्न हो गई। वर्तमान में प्राप्त अवशेषों को संरक्षित करना ही एक बड़ी चुनौती है।

मुअनजोदड़ो का क्षेत्रफल एवं आबादी ...?
मुअनजोदड़ो लगभग 200 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह एक नागर सभ्यता है जिसकी जनसंख्या अनुमानतः 85000 से अधिक रही होगी।

मुअनजो-दड़ो नाम क्यों दिया गया?
पूरा मुअनजोदड़ो ऊँचे नीचे टीलों पर बसाया गया है। इसलिए इतिहासकारों ने उसे मुअन नाम दिया। मुअन अर्थात मरे हुए, जोदड़ो-टीला मुर्दों का टीला।

Date:
Page:

मुअनजोदड़ो के नगरनियोजन की क्या विशेषता?

पूरा शहर सुनियोजित तरीके से बसाया गया है। कहीं भी आड़ा-तिरछा नियोजन नहीं है। पूरे मोअनजोदड़ो में आड़ा-सीधा नियोजन है। एक सड़क दूसरे को समकोण (90°) पर मिलती। इतिहासकार इसे सेक्टरमार्का कहते हैं।

सेक्टर मार्का एवं ग्रिडशैली से क्या तात्पर्य है

सेक्टर मार्का - आड़ा-सीधा नियोजन। वर्तमान में सेक्टर मार्का कालोनियाँ तेजी से बस रही हैं

ग्रिड शैली — आड़ी-सीधी सड़कें एवं मुख्य सड़क के दोनों ओर मकान किंतु किसी घर का दरवाजा (मुख्य दरवाजा) सड़क की ओर न होना। सड़क की ओर घर की पीठ होना।
मोअनजोदड़ो के पूरे अवशेषों में यही नियोजन नजर आता है।

दुनिया के मानक (Standard) शहर कौन-कौन से हैं।
चण्डीगढ़, इस्लामाबाद एवं ब्रासीलिया।

चण्डीगढ़ किसने बसाया?
लाॅ कार्बूजिए ने।

मुअनजोदड़ो को साक्षर एवं सुसंस्कृत सभ्यता क्यों कहा गया?